कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 16.08.2023

महाविद्यालय में एंटी रैगिंग कार्यक्रम का आयोजन

आज दिनांक 16.08.2023 को रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में प्राचार्य, डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन एवं IQAC प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा, के दिशानिर्देशन में एंटी रैगिंग समिति के तत्वाधान में एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजन–अर्चन कर किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय में रैगिंग दण्डनीय अपराध है। रैगिंग करते हुए पाये जाने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय से निष्काषित भी किया जा सकता है तथा किसी भी विश्वविद्यालय से आपको परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। उन्होने आगे सभी विद्यार्थियों को रैगिंग संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारी बताये, जैसे किसी व्यक्ति विशेष को सांकेतिक रुप मे टिप्पणी करना या किसी विद्यार्थी से दबाव पूर्वक ऐसा कुछ भी कार्य करने के लिए बाध्य करना ये सब रैगिंग के अंतर्गत माना जाता है। इस तरह की घटनायें यदि महाविद्यालय में होती है तो आप एंटी रैगिंग समिति से शिकायत कर सकते हैं।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने रैगिंग से होने वाले दुष्प्रभाव पर चर्चा करते हुए कहा कि इससे शोषित छात्र या छात्रा शारीरिक एवं मानसिक रुप से परेशान भी हो सकता है। सामूहिक हिंसा, कॉलेज छोड़ना, आत्महत्या आदि कई प्रकार की घटनाएं हो सकती है। साथ ही यह उसके परिवार एवं शिक्षण संस्थाओं पर भी प्रभाव पड़ता है। अतः विद्यार्थी इस प्रकार के कार्यो में संलिप्त न हो और अनुशासन का पालन करते हुए महाविद्यालय में पठन–पाठन पर ही ध्यान केन्द्रित करें। रैगिंग के अंतर्गत आने वाले कृत्यों की विस्तार पूर्वक व्याख्या की गई।

कार्यक्रम का मंच संचालक श्री विनय चौरे द्वारा किसी के रैगिंग किये जाने की स्थिति में लगने वाली विभिन्न धाराओं एवं रैगिंग करने पर मिलने वाली सजाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त श्री उष्यंत कुमार चनाप द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक, श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, दीपिका ध्रुवे, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, अतिथि व्ख्याख्याता श्री चैतराम यादव, सुश्री इंदिरा इंदु, श्री गैंदलाल सोनकर एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य